# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252551 मो.9960562305 ईमेल-bsmirgae@gmail.com


ज्ञान शांति मैत्री

---

## हिंदी विवि के कुलपति विभूति नारायण राय की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न



वर्धा दि. 19 सितंबर 2011: भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसरण में वर्धा में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष के रूप में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय को नियुक्त किया गया है। समिति की प्रथम बैठक सोमवार दि.19 सितंबर को विश्वविद्यालय के भाषा विद्यापीठ के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्धा नगर के विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालय, बैंक तथा सरकारी उपक्रमों के अधिकारी एवं नामित प्रतिनिधि उपस्थित थे। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन की दृष्टि से वर्धा अहिंदी भाषी श्रेणी के ग क्षेत्र में आता है। कार्यालय में प्रयोग की जाने वाली भाषा में हिंदी के उपयोग को बढावा देने के लिए इस समिति का गठन किया गया है। कर्मचारियों में हिंदी भाषा के कार्यसाधक ज्ञान में अभिवृध्दि के लिए इस समिति द्वारा समय-समय पर कार्यशाला, संगोष्ठियां, प्रशिक्षण शिविर आदि का आयोजन इस समिति का प्रमुख ध्येय है। कम्प्यूटर पर हिंदी टंकन हेतु यूनिकोड के प्रयोग पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यालयीन कामकाज हेतु इंटरनेट पर ई-मेल आदि का प्रयोग करते समय यूनिकोड का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिये। बैठक में कुलसचिव डॉ. कैलाश खामरे प्रमुखता से उपस्थित थे।

बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन के अनुसार कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन, केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों, उपक्रमों, बैंक आदि में सुचारू रूप से राजभाषा कार्यान्वयन करने हेतु राजभाषा के पदों का सृजन एवं रिक्तियों को भरना, कार्यालयों में वेब-

साइट को द्विभाषी बनाना, प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यशाला एवं संगोष्ठियों का आयोजन करना तथा कार्यालयों में द्विभाषी नाम पट्टों का निर्माण करना आदि विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक में दूरदर्शन केंद्र के नंदकुमार वानखेडे, सिंडिकेट बैंक के प्रबंधक वसंत धार्मिक, स्टेट बैक ऑफ इंडिया के सुनील कडू, बैंक ऑफ इंडिया के एन एस मलगे, मुरलीधर बेलखोडे, भारतीय जीवन बीमा निगम के शाखा प्रबंधक किशोर वानखेडे, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक एस. आर. बाकडे, दि न्यू इंडिया एन्शोरन्स कंपनी के शाखा प्रबंधक प्रशांत जवादे, इलाहाबाद बैंक के शाखा प्रबंधक गदाधर नायक, कारपोरेशन बैंक के प्रबंधक प्रमोद डोफे, रेल्वे के उप स्टेशन प्रबंधक एस. के. झा, मध्य रेल नि:शुल्क हिंदी पुस्तकालय के आर. एस. लोणारे, पावर ग्रिड कारपोरेशन, देवली के कौशल किशोर, बैंक ऑफ बदौड़ा के सत्यशिल घरडे, एमगिरी की कमलिनी पशीने सहित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के परामर्श मण्डल के सदस्य प्रो. महेंद्र कुमार पाण्डेय, डॉ. एम. एम. मंगोडी, डॉ. प्रीति सागर, बी एस मिरगे, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. वीर पाल यादव उपस्थित थे। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन राजभाषा अधिकारी एवं साहित्य विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह ने किया। बैठक की सफलतार्थ राजेश अरोड़ा, संगीता मालवीय, पवन कुमार, आरती गुडधे, किशोर जाधव, पदमाकर सुरजुसे, केसरी प्रसाद आदि ने सहयोग किया।

बी एस मिरगे , जनसंपर्क अधिकारी

---

पोष्ट - मानस मंदिर, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
Post- Manas Mandir, Gandhi Hills, Wardha-442001 (Maharashtra), INDIA
Ph./Fax: (07152) 252651 ई-मेल/**E-mail: bsmirgae@gmail.com**, वेबसाईट/**Website:** www.hindivishwa.org